KONKANI SWAYAM SIKSHAK

कोंकणी स्वयंशिक्षक

Prof. R.K.RAO, M.A.

कोंकणी स्वयंशिक्षक

लेखक :

प्रोफ़ेसर आर० के० राव, एम० ए०

(सदस्य, विशेषज्ञ-समिति, भारतीय जनजाति भाषाएँ/बोलियाँ तथा लघु भाषाएँ —केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

प्रकाशक :

कोंकणी भाषा संस्थान

कोचीन – 682025

Konkani Language Institute Book Series, No I

KONKANI SWAYAM SIKSHAK

[Konkani Self Instructor]

Author: Professor R. K. Rao, M.

1st Edition, June, 1975

Printed at:
Hindi Prachar Press,
Ernakulam, Cochin - 682 016

Price: Rs. 15/-

Publishers:
Konkani Language Institute.
Karnakodam, Cochin - 682 025

Copy right:
Smt. S. Yamuna Bai. M. A.
Karnakodam. Cochin - 682 025

स्व० प्रोफ़ेसर चन्द्रहासन, एम० ए०
भूतपूर्व निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय,
भारत सरकार

को

सादर समर्पित

—राव

आभारोक्ति

कोंकणी में व्याकरण, भाषाशास्त्र, कोष आदि से संबन्धित पुस्तकें बहुत ही कम मिलती हैं। अतः भाषा के मूल रूप को पहचानने तथा उसे व्यवस्थित करने का काम अत्यन्त दुष्कर हो गया है। इस कार्य के संपन्न होने पर ही 'स्वयं शिक्षक' की रचना सुगम हो सकती है, तो भी पर्याप्त चिन्तन के पश्चात् इस स्वयं शिक्षक की रचना की ओर मैं अग्रसर हुआ हूँ।

स्वयं शिक्षक लिखने की प्रेरणा मुझे स्व० ए० चन्द्रहासनजी से प्राप्त हुई। जिन्होंने संपर्क भाषा हिन्दी के प्रचार और प्रसार केलिये भारतीय लघु भाषाओं का विकास अनिवार्य समझा। फलस्वरूप सन् 1968 में भारतीय लघुभाषा विकास विशेषज्ञ समिति की स्थापना हुई। इस केलिये मैं उनका आभारी हूँ।

गोआ के भाषा-साहित्यकार श्री० रवीन्द्र केलेकर और डा० मनोहर राय सार देशाई ने पुस्तक की पाण्डु लिपि का अध्ययन कर के कई सुझाव दिये। श्री० केलेकर ने तो 'स्वागत' लिखकर अनुगृहीत भी किया। इन केलिये मैं इन सज्जनों का कृतज्ञ हूँ।

—राव

स्वागत

बहुत ही कम विद्वानों को मालूम है कि आर्यपरिवार की आधुनिक भारतीय भाषाओं में सबसे प्रथम व्याकरण लिखा गया कोंकणी में। मुद्रणालय में मुद्रित सबसे पहली भारतीय पुस्तक भी है कोंकणी। गद्य साहित्य की निर्मिति भी प्रथम कोंकणी में ही हुई। सोलहवीं शताब्दी में संपादित जो उत्तमोत्तम कोंकणी कोश हैं, वे भी आधुनिक भारतीय भाषाओं के सबसे पुराने कोश हैं।

कोंकणी की इस प्रगतियात्रा में यदि कोई रुकावट न आती तो निश्चय ही यह भाषा आज देश की विकसित भाषाओं में गिनी जाती। किन्तु कोंकणी के भाग्य में कुछ और ही बात थी।

अन्य भारतीय भाषाओं को किसी न किसी समय अपने प्रदेशों में प्रतिष्ठा मिली है। कोंकणी को न कभी यह भाग्य मिला, न मौका। पुर्तुगालियों ने कोंकणी प्रदेश के एक हिस्से पर—गोआ पर—अपनी सत्ता जमायी। उसके पहले लगभग ढाई हज़ार वर्षों तक यहां किसी न किसी गैर-कोंकणी राजाओं की ही सत्ता चली आ रही थी। इसलिये इस प्रदेश में राजनैतिक या धार्मिक महत्व का स्थान कोंकणी के बदले हमेशा या तो कन्नड़ भाषा को मिला या मराठी को। परिणामस्वरूप इस प्रदेश के विद्वानों में कोंकणी के बजाय राज्य कर्ताओं की भाषाओं में रचनायें लिखकर प्रतिष्ठा प्राप्त करने की परंपरा चली आ रही है। भाषा विज्ञान की दृष्टि से कोंकणी एक स्वतंत्र भाषा होते हुए भी और साहित्यिक क्षमता में वह सत्ताधारियों की भाषाओं की ही बराबरी की होते हुए भी, कोंकणी भाषा कोंकणी प्रदेश के लोगों की निष्ठापूर्वक चलायी हुई महज बोलचाल की ही भाषा रही।

पुर्तुगालियों ने ही इसको सबसे पहले साहित्यिक प्रतिष्ठा प्रदान की। कोंकणी में सोलहवीं शताब्दी का कोश, व्याकरण, गद्य आदि जो कुछ साहित्य उपलब्ध है, वह पुर्तुगालियों के ही कारण निर्माण हो सका। किन्तु यह सब शुरू शुरु में हुआ। बाद में—कुछ ही वर्षों के भीतर—उनकी नीति में बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ। उन्होंने हिन्दु-धर्म के विरुद्ध जैसे युद्ध छेडा वैसे ही कोंकणी के संपूर्ण उन्मूलन का भी एक कार्यक्रम तय्यार किया और बडे जनून के साथ चलाया। सन् १६८४ में गोआ के पुर्तुगाली व्हाइसराय कॉन्दि द आल्वोर ने एक आज्ञा प्रकाशित की कि 'तीन वर्षों के भीतर गोआ में कोंकणी का प्रचलन बन्द हो जाना चाहिये।' तीन वर्षों के बाद जब उसने देखा कि बावजूद उसकी आज्ञा के कोंकणी जीवित है, तब वह कोंकणी बोलनेवालों के घरबार, ज़मीन आदि छीनने लगा। सन् १७३१ में गोआ में इन्क्विझीशन की स्थापना हुई। उसके बाद कोंकणी बोलनेवालों को ज़िन्दा जलाने की नीति शुरू हुई। कोंकणी पर जो उस ज़माने में अत्याचार हुए हैं, उसकी कोई सीमा नहीं है। इतिहास में शायद ही किसी देशी या विदेशी भाषा पर इतने अत्याचार हुए होंगे।

कोंकणी के भाग्य में जो यह इतिहास आया उसका एक नतीजा यह हुआ कि कोंकणी भाषिक लोग पाँच सांस्कृतिक परंपराओं में विभाजित हुए। जो पुर्तुगाली प्रदेश में रहे उन्होंने पुर्तुगाली परंपरा को स्वीकार किया। जो मराठी प्रदेशों में जाकर रहे उन्होंने मराठी परंपरा अपना ली। बहुत से लोग कर्नाटक में जाकर बसे। उन्होंने कन्नड़ परंपरा ले ली। कुछ कोचीन में भी जाकर बसे। उन्हें मलयालम परंपरा को स्वीकार करना पडा।

पुर्तुगाली परंपरा में जिनकी परवरिश हुई थी उनमें से जिन लोगों को व्यवसाय के कारण पूर्व आफ्रिका जैसे प्रदेशों में जाकर रहना पडा उन्होंने अंग्रेज़ी की सांस्कृतिक परंपरा अपना ली।

महत्व की बात तो यह है कि इस प्रकार पाँच विभिन्न सांस्कृतिक परंपराओं में बंटे हुए होते हुए भी कोंकणी लोगोंने कोंकणी भाषा कभी नहीं छोड़ी। वे लिखते आये हैं अपनी अपनी अपनायी हुई सांस्कृतिक भाषाओं में किन्तु निष्ठापूर्वक और आग्रहपूर्वक आपस में कोंकणी में ही व्यवहार करते आये हैं। आपस में वे हमेशा कोंकणी ही बोलते हैं। मराठी के कवि बोरकर जब कन्नड़ कवि मंजेश्वर गोविन्द पै से मिलते थे तब दोनों का माध्यम कोंकणी ही रहता था।

पाँच अलग परंपराओं में विभाजित लोगों को आपस में जोडनेवाली कड़ी कोंकणी ही है—यहाँ तक कि हिन्दू और ख्रिस्ती नामक दो स्वायत्त संसारों में बंटे हुए लोगों को भी एकत्र लाने की शक्ति कोंकणी में है, इस बात का जब चन्द लोगों को साक्षात्कार हुआ, तब उनसे रहा नहीं गया। अपने खोये हुए व्यक्तित्व की खोज के तौर पर उन्होंने कोंकणी की पुनःस्थापना की प्रवृत्ति शुरू कर दी। करीब पचास साल हुए, यह प्रवृत्ति चली आ रही है।

कोंकणी लोगों ने संस्कृत, मराठी, कन्नड़, मल्यालम, अंग्रेज़ी और पोर्तुगीज—इन भाषाओंकी उत्तमोत्तम सेवायें की हैं। इनके अलावा लेटिन, फ्रेंच, स्पेनिश जैसी भाषाओं की भी की हैं। सन् १९५० के पहले के ढाई सौ वर्षों में केवल गोआ के दो हज़ार साहित्यिकों ने संसार की चौदह भाषाओं में लगभग दस हज़ार पुस्तकों की रचना की है। इनमें नौ भाषायें तो यूरप की हैं। कोंकणी के जिस दुर्भागी इतिहास का ज़िक्र मैं ने ऊपर किया उसी की यह एक समृद्ध विरासत है। बहुभाषा संपर्क और उपासना में जिनकी परवरिश हुई और जिन्होंने राष्ट्र की अनेक क्षेत्रों में अनन्यसाधारण सेवायें कीं वे यदि चाहें और नित्य व्यवहार में निष्ठापूर्वक चलायी हुई अपनी जन्म भाषा कोंकणी में भी साहित्य निर्मिति करें तो क्या देश का फ़ायदा नहीं होगा? कोंकणी प्राच्य विद्याविशारद डॉ० भांडारकर की जन्म-भाषा है। महाभारत के संपादक डॉ० सुखथनकर की भी जन्मभाषा है। पाली के प्रकांड पंडित धर्मानंद कोसंबीजी की जन्मभाषा है। मराठी के

कवि बोरकर, कन्नड के कवि मंजेश्वर गोविन्द पै, मलयालम के भाषाविज्ञ शेषगिरि प्रभु, साहित्यकार हरिशर्मा, पुर्तुगाली के कवि आदेओदात बार्रेतु और नाश्शीमेन्तु द मेन्दोंसा, अंग्रेज़ी के कवि आरमान्दु मिनेझिश और पत्रकार फ्रँक मोराइश—ये सब कोंकणी के ही सुपुत्र हैं। 'यथा भाषिकस्तथा भाषा' न्याय यदि सच है, तो इन साहित्य स्वामियों की जन्मभाषा उनकी 'अपनायी हुई' भाषाओं के स्तर की ही होनी चाहिये।

कोंकणी में विपुल साहित्य भले न हो, उसकी साहित्यिक शक्ति किसी भी विकसित भारतीय भाषा से कम नहीं है। जो थोड़ासा साहित्य उसमें है और जो अब ज़ोरों से निर्माण होता है उसकी भी योग्यता कम नहीं है। कोंकणी की साहित्यिक क्षमता का संदेह नहीं किया जा सकता। वह बडी ही मधुर भाषा है। डा० राम मनोहर लोहिया के शब्दों में कहूँ तो वह 'भारत की मधुरतम भाषा है।' बहुभाषा संपर्क और उपासना के कारण कोंकणी का भविष्यकाल भी बडा उज्वल है।

गोआ की स्वतंत्रता के कारण गोआ के दरवाज़े जो भारतीयों के लिये आज तक बन्द थे, अब खुले हो गये हैं। स्वतंत्रता के बाद देश के विभिन्न हिस्सों से कई लोग गोआ में आकर बसने लगे हैं।

कोंकणी के साहित्य ने भी गोआ की स्वतंत्रता के बाद कई आंतर-राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किये हैं। आचार्य काकासाहब कालेलकर, पं० जवाहरलाल नेहरू, डा० सुनीति कुमार चाटर्जी जैसे भारत के सुपुत्रों ने कोंकणी का समर्थन करना शुरूकर दिया, तब से देश के विद्वानों का भी ध्यान इस भाषा की ओर खींचा गया।

अब साहित्य अकादमी ने कोंकणी को एक 'स्वतंत्र साहित्यिक भाषा' के तौर पर मान्यता दी है।

अब गैर कोंकणी लोग कोंकणी सीखना चाहें तो वह आश्चर्य की बात नहीं है। कई दिनों से 'कोंकणी स्वयं शिक्षक' की मांग चली आ रही थी। मुझे बडी खुशी है कि इस मांग की पूर्ति बड़ी योग्यता के साथ श्री० आर० के० राव कर रहे हैं। श्री० राव कोंकणी भाषी केरलवासी हैं। मलयालम भाषा-भाषी लोगों के बीच हिन्दी के प्रचार और प्रसार में उनके जीवन के महत्व के वर्ष खर्च हुए हैं। अब वे उसी भाषा के माध्यम से देश के लोगों को कोंकणी जैसी एक महत्व की लघु भाषा का परिचय करा रहे हैं। मुझे विश्वास है, देश के लोग—खास कर के हिन्दी भाषा-भाषी – उनकी इस सेवा की कद्र करेंगे।

श्री० राव ने जिस कोंकणी का इस स्वयं शिक्षक में परिचय करा दिया है वह मंगळूरी और केरली शैली की कोंकणी है। याने कर्णाटक और केरल में प्रचलित कोंकणी है। गोआ की राजधानी पणजी के आसपास जो कोंकणी बोली जाती है वह उच्चारण में (केवल उच्चारण में) इस से कुछ भिन्न है। किन्तु कोंकणी की खूबी यह है कि उसकी जो पाँच या छः शैलियाँ हैं, उनमें से किसी एक का अच्छा परिचय होने पर बाकी की अपने आप समझ में आने लगती हैं।

जो हो; इस 'स्वयं शिक्षक' को लिखकर श्री० राव ने कोंकणी के साथ साथ देश की भी उत्तम सेवा की है। इस बहुभाषी देश में जो कोई भिन्न-भिन्न भाषाओं का एक दूसरे से परिचय करा देता है, वह बहुत बडा सांस्कृतिक कार्य करता है और श्री० राव ने यह कार्य बडी योग्यता के साथ किया है। एक भारत भक्त कोंकणी भाषा-भाषी के नाते मैं उनके इस कार्य के प्रति बडी कृतज्ञता से देखता हूँ। आशा करता हूँ कि जो इस पुस्तक से लाभ उठाकर कोंकणी सीखेंगे वे भी श्री० राव के प्रति बडी कृतज्ञता से देखेंगे।

प्रियोळ, म्हादोळ, गोआ
१३-५-'७५ (अक्षय तृतीया)

रवीन्द्र केलेकर

अनुक्रमणिका

पाठ	नाम	पृष्ठ
	i) कोंकणी भाषा	1
	ii) कोंकणी वर्णमाला—उच्चारण की विशेषताएँ	4-5
	iii) अभ्यास	8
1	आज्ञार्थ	9
2	वर्तमानकाल	13
3	वाक्य रचना	17
4	भविष्यत काल और उसके भेद	20
5	भूत काल और उसके भेद	27
6	संभाव्य भविष्यतकाल	38
7	पूर्वकालिक कृदन्त	42
8	लिंग व वचन	46
9	संज्ञा – कारक रचना	52
10	सर्वनाम – कारक रचना	65
11	विशेषण	71
12	सकर्मक क्रिया – भूतकाल में प्रयोग	76
13	संबन्ध सूचक और क्रिया–विशेषण	81
14	संख्यावाचक विशेषण	85
15	धातु अव्यय, धातु विशेषण, भाववाचक कृदन्त और कर्तृवाचक कृदन्त	89
16	आवश्यकता बोधक संयुक्त क्रिया—'चाहिये', 'होना' और 'पडना'	96
17	शक्तिबोधक संयुक्त क्रिया — 'सकना'	102
18	पूर्णता बोधक संयुक्त क्रिया—'चुकना' और आरंभबोधक संयुक्त क्रिया—'लगना'	105
19	जानता हूँ—'जाणं' और नहीं जानता—'नेणं' का प्रयोग	110

20	'होना' (to have) 'आसुक' का प्रयोग	116
21	उक्ति भेद—Direct and Indirect Narration	119
22	प्रेरणार्थक क्रियायें	121
23	शब्दों की पुनरुक्ति	125
24	जब-तब; जो-वह — का प्रयोग	129
25	अपूर्ण वर्तमानकाल और तात्कालिक भूतकाल	133
26	संदिग्ध वर्तमानकाल और संदिग्ध भूतकाल	135
27	हेतुहेतुमद् भूतकाल	141
28	बातचीत – Some phrases of common use and expressions	145
29	कायळो आनी गुरबजि (गिरबुज) Story	157
30	कायळो आनी कीडि Story	160

परिशिष्ट I

1)	गिनती	162
2)	तिथियों के नाम	163
3)	नक्षत्रों के नाम	,,
4)	महीनों के नाम	164
5)	पर्वो के (परबो) नाम	165
6)	क्रियापदों की रूपावली	,,

परिशिष्ट II

शब्दावली—कोंकणी–हिन्दी	173
हिन्दी-कोंकणी	191

कोंकणी भाषा

कोंकणी भारतीय आर्य परिवार की भाषा है जो सह्याद्रि प्रदेश पर उत्तर में रत्नगिरि से लेकर दक्षिण में तिरुवनन्तपुरम तक बोली जाती है। गोवा की तो यह "आवय भास" (मातृ-भाषा) है। गोवा सरकार ने इसे लोक-सम्पर्क की भाषा भी माना है। आबादी की हैसियत से करीब पैंतीस लाख लोग यह भाषा बोलते हैं।

स्थान भेद के कारण कोंकणी की खास कर चार बोलियाँ पाई जाती हैं जो निम्न प्रकार हैं:—

i) महाराष्ट्र राज्य के रत्नगिरि–सावन्तवाडी प्रदेशों के लोगों की बोली।

ii) गोवा के हिन्दुओं की बोली।

iii) गोवा और कारवार–मंगलूर प्रदेश के ईसाइयों की बोली।

iv) कारवार–मंगलूर वा केरल (कोचीन) के सारस्वतों की बोली।

रत्नगिरि–सावन्तवाडी की बोली आधुनिक मराठी से प्रभावित है और उस भाषा के सम्पर्क में आकर उससे बहुत ही मिल जुल गयी है। मराठी जनता यदि इस बोली को मराठी की एक बोली समझें तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं।

गोवा के हिन्दुओं की बोली रत्नगिरि–सावन्तवाडी के लोगों की बोली से भिन्न है। मराठी से कम प्रभावित होने के कारण,

इस बोली में कोंकणी के मूल शब्द व उच्चारण साधारणतः पाये जाते हैं। कोंकणी का खास साहित्य भी आज तक इस बोली में पनप आया है।

• गोवा व कारवार–मंगलूर के ईसाइयों की बोली गोवा के हिन्दुओं की बोली के समान है; परन्तु इस बोली में पुर्तुगाली भाषा के शब्द प्रायः पाये जाते हैं और ध्वनि उच्चावचन भी पुर्तुगाली भाषा से प्रभावित हुआ है।

कारवार–मंगलूर व केरल के सारस्वतों की बोली कन्नड व मलयालम भाषाओं से काफ़ी प्रभावित हैं। इसलिए इस बोली में इन दोनों भाषाओं के शब्द, ध्वनि व उच्चारण काफ़ी मात्रा में पाये जाते हैं।

भाषा साहित्य की दृष्टि से कोंकणी की भिन्न भिन्न बोलियों में भेद पाना सहज है। परन्तु दक्षिण में मंगलूर–कोचीन कोंकणी बोलनेवाले मध्य की गोवा–कारवार कोंकणी या उत्तर की सावन्तवाडी कोंकणी समझने में कोई कठिनाई महसूस नहीं करते।

भारतीय आर्य परिवार की भाषायें ब्राह्मी से निकली हुई किसी न किसी लिपि में लिखी जाती हैं जो बहुतः नागरी है। कोंकणी भाषा की स्थिति तो अब तक इस से भिन्न रही है। एक प्रमाणिक लिपि के अभाव के कारण कोंकणी की ये प्रमुख बोलियाँ प्रादेशिक भाषाओं की लिपियों में अब तक लिखी जाती रहीं; जैसे कि गोवा के हिन्दुओं की कोंकणी नागरी, ईसाइयों की कोंकणी रोमन, कारवारी-मंगलूरी कोंकणी कन्नड व केरल (कोचीन) कोंकणी मलयालम लिपि में। इस भाषा में एक शब्द के भिन्न भिन्न ध्वनि-समूह पाना इसी के कारण है।

भारत की स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद भारत सरकार भारतीय भाषाओं के विकास की ओर विशेष ध्यान दे रही है। सरकार के शिक्षा-विभाग की ओर से कोंकणी के विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। सरकार ने देवनागरी लिपि को कोंकणी की सर्वमान्य लिपि भी मान ली है।

अब इस लिपि के द्वारा प्रामाणिक कोंकणी का प्रचार होगा—इसमें कोई सन्देह नहीं।

इस 'स्वयं शिक्षक' का उद्देश्य कोंकणी से अपरिचित भाषा-प्रेमियों को कोंकणी भाषा का सामान्य ज्ञान प्रदान करना है। पाठकगण जितनी सुविधा से इस भाषा में ज्ञान प्राप्त करें, उसीमें पुस्तक की सफलता है। इस दृष्टिकोण से पाठकों से किसी भी सुझाव का स्वागत होगा।

—लेखक

कोंकणी वर्णमाला

स्वर

अ अं आ इ ई उ ऊ ऋ

ए ऐ ओ औ अं अः

व्यंजन

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व ळ

श ष स ह

ii) उच्चारण की विशेषतायें

कोंकणी वर्णमाला के अक्षरों का उच्चारण नागरी वर्णमाला के अक्षरों के समान होता है । तो भी ऐसी कुछ ध्वनियाँ हैं जो नागरी में नहीं हैं। कोंकणी सीखनेवालों को इन ध्वनियों पर ध्यान देने की ज़रूरत है। इनका शुद्ध उच्चारण किसी कोंकणी जाननेवाले से ठीक ठीक सीखा जा सकता है। तो भी स्वप्रयत्न से सीखनेवालों केलिये कुछ सूचनायें यहाँ दी जाती हैं ।

1. कोंकणी ह्रस्व 'अ' का उच्चारण 'संवृत' है । इस 'अ' का दीर्घ उच्चारण कोंकणी की अपनी विशेषता है । यह उच्चारण दीर्घ 'आ' के उच्चारण से भिन्न है। यह 'संवृत दीर्घ' रहता है। जैसे अंग्रेज़ी 'her' (हर) शब्द के 'e' का उच्चारण होता है। जहाँ यह उच्चारण आता है वहाँ सुविधा केलिये अक्षर के ऊपर ' ' चिह्न देकर उसकी सूचना दी जायगी ।

उदा :- मणु —

चणो —

स —

नज —

मूल शब्दों के उपान्त्य 'अ' भी संवृत दीर्घ होता है ।

चड — व्हड

विशेष सूचना :— कुछ बोलियों में इसका उच्चारण दीर्घ 'ओ' के समान हो जाता है। जैसे :— मोणु, चोणो

2. हिन्दी में 'ए' और 'ओ' का दीर्घ उच्चारण ही है। लेकिन कोंकणी में इनका ह्रस्व उच्चारण भी रहता है। जब इन

स्वरों के बाद शब्द में संयुक्त अक्षर आता है तब इनका उच्चारण ह्रस्व हो जाता है।

जैसे :- गेल्लो — गेलो — गया
एत्ता — एता — आता है

3. स्वरों की अनुनासिकता इस भाषा की एक प्रमुख विशेषता है।

4. साधारण 'ल' के अलावा मराठी और अन्य दक्षिणी भाषाओं में एक और 'ल' का प्रयोग होता है। इसके लिये मराठी में 'ळ' चिह्न का प्रयोग होता है। कोंकणी में भी यह वर्तमान है।

जैसे :- काळो — काला
फळ — फल
कळता — मालूम
बाळ — बालक

उच्चारण के नियम :

1. अकारान्त शब्द के अन्त्य 'अ' का प्रायः उच्चारण नहीं होता, जैसे हिन्दी में।

उदा :- 'घर' का उच्चारण 'घर्' के समान होता है

सूचना :- लेकिन कोचीन कोंकणी में इस अन्त्य 'अ' का उच्चारण संवृत 'अ' के समान होता है।

2. तीन वर्णों के शब्दों में, अगर वे अकारान्त न हो, तो बीच के वर्ण के 'अ' का उच्चारण नहीं होता।

उदा :- दिवली — दिव्ली — दीपक
बावली — बाव्ली — गुडिया
मानगें — मान्गें — मगर (crocodile)

लेकिन निम्न-लिखित शब्द अपवाद है :-

दुदळि – इस शब्द में 'द' के 'अ' का उच्चारण संवृत दीर्घ होता है। जैसे :- दुदळि

3. तीनवर्णों के अकारान्त शब्दों के उपान्त्य वर्ण के 'अ' का उच्चारण होता है।

उदा :- माजर — बिल्ली
कापड — कपडा

4. चार वर्णों के शब्दों में दूसरे अक्षर के 'अ' का उच्चारण नहीं होता।

उदा :- मणकट — मण्कट — कलई
समजता — सम्जता — समझता
पिकतलो — पिक्तलो — पकेगा
अंगवालें — अंग्वालें — कपडा

लेकिन निम्न लिखित शब्द इस नियम के अपवाद हैं।

धुंवरता — धुंवर्ता — धुंवा आता है
विसरता — विसर्ता — भूलता है

5. पांच अक्षरों के शब्द में दूसरे अक्षर में 'अ' हो तो उसका उच्चारण नहीं होता। तीसरे अक्षरमें 'अ' हो तो उसका उच्चारण होता है। शब्द 'अ' कारान्त हो तो उपान्त्य अक्षर के 'अ' का उच्चारण होता है। लेकिन, अगर शब्द आ, ई, ऊ, ए, या ओकारान्त हो तो उपान्त्य अक्षर के 'अ' स्वर का उच्चारण नहीं होता।

उदा:- लकलकप — लक्लकप — हिलना, चमकना
लिकलिकता — लिक्लिकता — चमकता है

iii अभ्यास

घर; तण; फळ; मन; ताक; ताका; माका; नाका: कीरु; मोरु; हांगा; थांगा; हस्ती; फूल; फूलां; गायि; दूद; लाडू; केळि, आवै; आवयि; आपै; आपयि; शिकैता; सिकैता; घोडो; गोरो; काळो; चेडो; चेलो; चेडूं; आंबो; भैणी; भयणि, भावु; सांजे; अन्न; अनवास; अपुरवाइ; इंगाळो

वरप, मळब, सकल, मानगें, कळता, कळना, पातळि, साळरि, सरपु, सरोपु, उलौप, उलवप, रडौप, रडवप, हसौप, हसवप, वाचवप, वाचौप, कौरव, बायल, कायलि, पावसु, कळसो, कोळसो, सकाळीं, दैत्याक, केळयांचो, घराच्या, तागेल्या, माथ्याक, फक्कत ।

घणघण, मणकट, घपघपु, आसवेल, उल्लौंचाक, बरौंचाक, आमगेलो, तागेलो, तांगेलो, भुरग्याक, म्हणटात,

घडघडप, बडबडप, लकलकप, नज, तं, णव्व, स, पणसु, जाणं, नेण, व्हयि, न्हयि,

---

पाठ 1

आज्ञार्थ

उल्लींक	– बोलना	सांगुंक	– कहना
येवुंक	– आना	वचुंक	– जाना
हाडुंक	– लाना	व्हरुंक	– ले जाना
बैसुंक	– बैठना	उठुंक	– उठना
करुंक	– करना	धूउंक	– धोना
पीउंक	– पीना	खाउंक	– खाना
आजि	– आज	परतून	– वापस
कालि	– कल (yesterday)	फायि, फाल्या	– कल (to-morrow)
परां	– परसों (day after to-morrow)	पयरि	– परसों (day before yesterday)
भायर	– बाहर	भित्तरि	– अन्दर
होळू, व्होवू, सन्त	– आहिस्ते	घारारि	– जल्दी
व्हडान	– ज़ोर से	नाका (एकवचन) / नाकात (बहुवचन)	मत, न
हांगा	– यहाँ	थयं, थांगा	– वहाँ
काम	– काम	पुस्तक, बूकु	– पुस्तक
उदाक	– पानी	आनी	– और
तूं (एक वचन)	– तू, तुम	तुमी	– आप
हो (पु.) / ही (स्त्री.) / हें (नपुं.)	यह	हे (पु.) / ह्यो (स्त्री.) / हीं (नपुं.)	ये

तो (पु.)	वह	ते (पु.)	वे
ती (स्त्री.)		त्यो (स्त्री.)	
तें (नपुं.)		तीं (नपुं.)	

क्रिया का साधारण रूप

धातु के साथ 'उंक' 'चाक' या 'पाक' जोड कर कोंकणी में क्रियाओं का साधारण रूप बनाया जाता है। जैसे :—

उल्लै	+	उंक	=	उल्लौंक	बोलना
उल्लै	+	चाक	=	उल्लैचाक	
उलै	+	पाक	=	उल्लैपाक	
हाड	+	उंक	=	हाडुंक	लाना
हाड	+	चाक	=	हाडचाक	
हाड	+	पाक	=	हाडपाक	
कर	+	उंक	=	करुंक	करना
कर	+	चाक	=	करचाक	
कर	+	पाक	=	करपाक	

उल्लै, हाड, कर — ये क्रिया के धातु रूप हैं।

आज्ञार्थ

एकवचन में आज्ञार्थ को प्रकट करने केलिये कोंकणी में क्रिया का धातुरूप ही प्रयुक्त होता है। लेकिन अगर धातु अकारन्त सकर्मक हो तो 'इ' जोड दिया जाता है।

सूचना : कोंकणी में इकारान्त का 'इ' कार इतना ह्रस्व होता है, कि उसका उच्चारण नहीं के बराबर होता है। इसलिये ये शब्द 'इ' कार छोड कर भी लिखे जाते हैं—जैसे आज, काल, धारार भित्तर।

जैसे :— उल्लें — बोलो बैस — बैठो
हाडि — लाओ करि — करो

• लेकिन निम्नलिखित क्रियाएँ अपवाद हैं ।

यो — आओ व्हर — ले जाओ
उट्टा — उठो सांग — कहो

बहुवचन में आज्ञार्थ को सूचित करने केलिये धातु के साथ 'आ', 'आत' या 'आति' जोड दिया जाता है, जो आ, ई, ऊ, ए और ऐ कारान्त धातुओं के साथ जोड देने से क्रम से 'या', 'यात' 'या' 'याति' हो जाता है ।

जैसे :— बैसा, बैसात, बैसाति* — बैठिये
करा, करात, कराति — कीजिये
खाया, खायात, खायाति — खाइये
पीया, पीयात, पीयाति — पीजिये
घूया, घूयात, घूयाति — धोइये
येया, येयात, येयाति — आइये
उल्लैया, उल्लैयात, उल्लैयाति — बोलिये

आज्ञार्थ में निषेध लाने केलिये धातु के साथ 'उं' लगाकर एकवचन में 'नाका' और बहुवचन में 'नाकात' का प्रयोग किया जाता है ।

जैसे :— करुंनाका — मत करो करुंनाकात — मत कीजिये
उल्लौंनाका — मत बोलो उल्लौंनाकात — मत बोलिये
पीउंनाका — मत पीओ पीउंनाकात — मत पीजिये

---

* कोचीन कोंकणी में यह प्रत्यय 'आयि' (आय) हो जाता है ।
जैसे :—'बैसायि', 'करायि', 'खायायि' आदि ।

वाक्य

आजि थांगा वच.	आज वहाँ जाओ ।
परां हांगा यो.	परसों यहाँ आओ ।
हें पुस्तक व्हर.	यह पुस्तक ले जाओ ।
तें काम करुंनाका.	वह काम मत करो ।
हें काम करि. (कर)	यह काम करो ।
भायर बैस. (बयस)	बाहर बैठो ।
भित्तरि यो.	अन्दर आओ ।
हें काम धरारि करि.	यह काम जल्दी करो ।
ल्हवू उल्लै.	आहिस्ते बोलो ।
तें उदाक हांगा हाडुंनाका.	वह पानी यहाँ मत लाओ ।
थांगा बैसात.	वहाँ बैठिये ।
फायि परतून येयात.	कल वापस आइये ।
हें उदाक पीउंनाकात.	यह पानी न पीजिये ।
यो आनी बैस.	आओ और बैठो ।
वच आनी तो बूकु हांगा हाडि.	जाओ और वह किताब यहाँ लाओ ।

कोंकणी में अनुवाद किजिये :—

कल आओ । आज मत जाइये । परसों जाइये । जल्दी वापस आइये । यह काम आहिस्ते करो । जल्दी मत बोलो । आज पानी मत लाओ । अन्दर आओ और बैठो । बाहर मत बैठो । वह पुस्तक यहाँ लाइये । यह काम आहिस्ते मत कीजिये ।

जल्दी उठो। यह पुस्तक वहाँ ले जाओ और वह पुस्तक यहाँ लाओ। वह पानी न पीजिये। यह पानी पीजिये।

पाठ 2

वर्तमानकाल

हांव	- मैं	आमी	- हम
तूं	- तू, तुम	तुमी	- आप
तो, ती, तें	- वह	ते, त्यो, तीं	- वे
घेवुंक, काडुंक	- लेना	चलुंक	- चलना
बरींक	- लिखना	वाचुंक	- पढना
शिकुंक	- सीखना	जावुंक, आसुंक	- होना
दीसु (दीस)	- दिन	राति (रात)	- रात
सकाळ	- सुबह	सांज	- शाम
सकाळि	- सुबह को	सांजे	- शाम को
फान्त्यारि	- सुबह, सबेरे	दनपार	- दोपहर
आतां	- अब	तेन्ना, तेदना	- तब
केन्ना, केद्दाणा	- कब	पण	- लेकिन
कि, अथवा	- या	खंय, खन्थंय	- कहाँ
कितें; इतें	- क्या	कोण	- कौन
पेन	- कलम	तींत	- स्याही
कागत	- कागज़	चीटि	- चिट्ठी

चेल्लो, चेडो	- लडका	चेल्ली, चेडु	- लडकी
दूद	- दूध	मनीषु	- मनुष्य

वर्तमानकाल

क्रिया के धातु के साथ एकवचन में 'ता' और बहुवचन में 'तात' जोड कर कोंकणी में वर्तमानकाल रूप बनाया जाता है। उत्तमपुरुष एकवचन में 'तां' जोड दिया जाता है। लिंग के कारण क्रिया का रूपान्तर नहीं होता।

कोचीन कोंकणी में 'तात' के स्थान पर 'ताय' पाया जाता है। जैसे :—

उल्लैतात — उल्लैताय

1. उल्लौंक — बोलना

एकवचन		बहुवचन
उ० हांव उल्लैतां	- मैं बोलता हूँ	आमी उल्लैतात - हम बोलते हैं
म० तूं उल्लैता	- तू बोलता है / तुम बोलते हो	तुमी उल्लैतात - आप बोलते हैं

अ०	तो / ती / तें	उल्लैता	वह बोलता है / वह बोलती है / वह बोलता है	ते / त्यो / तीं	उल्लैतात	वे बोलते हैं / वे बोलती हैं / वे बोलते हैं

2. वचुंक — जाना

एकवचन		बहुवचन
उ० हांव वतां	- मैं जाता हूँ	आमी वतात - हम जाते हैं
म० तूं वता	- तू जाता हैं / तुम जाते हो	तुमी वतात - आप जाते हैं

	तो	वता	वह जाता है	ते	वतात	वे जाते हैं
अ०	ती		वह जाती है	त्यो		वे जाती हैं
	तें		वह जाता है	तीं		वे जाते हैं

अगर धातु 'ई' या 'ऊ' कारान्त हो तो उसको ह्रस्व कर के ये प्रत्यय जोडे जाते हैं जैसे :— पी—पिता; घू — घुता

वर्तमान काल में निषेधार्थ सूचित करने के लिये प्रत्यय 'ता' के स्थान पर 'ना' का प्रयोग होता है। जैसे :—

एकवचन		बहुवचन	
हांव उल्लैनां	मैं नहीं बोलता	आमी उल्लैनात	हम नहीं बोलते
तूं उल्लैना	तू नहीं बोलता / तुम नहीं बोलते	तुमी उल्लैनात	आप नहीं बोलते

तो	उल्लैना	वह नहीं बोलता	ते	उल्लैनात	वे नहीं बोलते
ती		वह नहीं बोलती	त्यो		वे नहीं बोलती
तें		वह नहीं बोलता	तीं		वे नहीं बोलते

लेकिन 'वच' धातु के निषेधार्थ रूप क्रम से 'वचनां'. 'वचना', और 'वचनात' हैं। और 'जा' धातु के निषेधार्थ रूप क्रम से 'जायनां', 'जायना', और 'जायनात' हैं।

आसुंक — होना

	एकवचन		बहुवचन	
उ०	हांव आसा	मैं हूँ	आमी आसात	हम हैं
म०	तूं आसा	तू है, तुम हो	तुमी आसात	आप हैं
अ०	तो, ती, तें आसा	वह है	ते, त्यो, तीं आसात	वे हैं

इस क्रिया का निषेधार्थ रूप निषेध सूचक शब्द 'ना' ही है जो बहुवचन में 'नात' हो जाता है। जैसे :—

एकवचन	बहुवचन
उ० हांव नां - मैं नहीं (हूँ)	आमी नात - हम नहीं (हैं)
म० तूं ना - तू नहीं (है) / तुम नहीं (हो)	तुमी नात - आप नहीं (हैं)
अ० तो / ती / तें ना - वह नहीं (है)	ते / त्यो / तीं नात - वे नहीं (हैं)

वाक्य

तूं कितें करता ?	तुम क्या करते हो ?
हांव पुस्तक वाचतां.	मैं किताब पढता हूँ ।
तो खंयंय आसा.	वह कहाँ है ?
तू आजि थांगा वता कि ना ?	तुम आज वहाँ जाते हो कि नहीं
गोपाळु उदक पिता.	गोपाल पानी पीता है ।
ते उदक पिनात.	वे पानी नहीं पीते ।
शारदा खंय आसा ?	शारदा कहाँ है ?
ती हांगा आसा.	वह यहाँ है ।
तो पेन घेता.	वह कलम लेता है ।
त्यो पुस्तक व्हरतात.	वे पुस्तक ले जाती हैं ।
सीता चीटि बरेयता.	सीता चिट्टी लिखती है ।
त्यो आजि हांगा येनात.	वे आज यहाँ नहीं आतीं ।
तुमी कितें खातात ?	आप क्या खाते हैं ?
ती कोंकणी शिकता.	वह कोंकणी सीखती है ।
आमी बिस्कुत खातात.	हम बिस्कट खाते हैं ।
चेली इतें करता ?	लडकी क्या करती है ?

कोंकणी में अनुवाद कीजिये :—

तुम क्या करते हो? मैं किताब पढता हूँ। हम चिट्ठी लिखते हैं। वे कोंकणी सीखती हैं। वह काम नहीं करती। लडका दूध पीता है। लडकी पानी नहीं पीती। वह चाय पीती है। तुम अब कहाँ जाते हो? वे क्या लाते हैं? वे क्या करती हैं? तुम क्या बोलते हो? हम रोटी खाती हैं और चाय पीती हैं। तुम चाय पीओ और रोटी खाओ। आप यह पाठ न सीखिये। हम किताब पढते हैं, लेकिन वे नहीं पढते।

पाठ 3

वाक्य-रचना

तं	- हूँ, हो, है, हैं	दवरुंक	- रखना
व्हय, होय	- हाँ	न्हंय, ना	- नहीं
कांय	- कुछ	कांय ना	- कुछ नहीं
दादलो	- पुरुष, आदमी	बायल	- स्त्री, औरत
जिनस	- चीज़	दामु, दुड्डु	- रुपया, पैसा
खाण	- खाना (संज्ञा)	जेवण	- भोजन
मेज	- मेज़	कदेल	- कुरसी
बांकु	- बेंच	आरमालि	- अलमारी

वाक्य-रचना

कोंकणी की वाक्य-रचना दूसरी भारतीय भाषाओं की वाक्य-रचना के समान है। कोंकणी में अपूर्ण अकर्मक क्रिया 'तं' (है) का प्रयोग नहीं होता।

जैसे :— तें उदक (तं). — वह पानी है।

ती बायल (तं). — वह औरत है।

लेकिन अस्तित्व बोधक "है" के स्थान पर कोंकणी में 'आसा' का प्रयोग होता है।

जैसे :— उदक थांगा आसा. — पानी वहाँ है।

चेलो खंयंय आसा ? — लडका कहाँ है ?

आमी हांगा आसात. — हम यहाँ हैं।

निषेधार्थ 'न्हंय' और 'ना' का प्रयोग

क्रिया के निषेधार्थ में 'ना' और वस्तु या व्यक्ति के निषेधार्थ में 'न्हंय' का प्रयोग होता है।

जैसे :— रामु हांगा ना — राम यहाँ नहीं है।

तो रामु न्हंय — वह राम नहीं है।

प्रश्नार्थक वाक्य

जिस वाक्य में प्रश्नवाचक शब्द नहीं है, उसमें वाक्य के अन्त में 'वे'* जोड कर प्रश्नार्थ सूचित किया जाता है। जैसे:—

रामु हांगा येतावे ? — क्या, राम यहाँ आता है ?

तो रामु वे ? (तो रामु?) — क्या, वह राम है ?

तूं हें काम करतावे कि ना ? — क्या, तुम यह काम करते हो कि नहीं ?

तूं वतावे ? (तूं वता?) — क्या तुम जाते हो ?

---

*गोवा की कोंकणी में यह रूप नहीं मिलता। शायद यह कोंकणी पर कन्नडी भाषा की वाक्य-रचना का प्रभाव होगा।

वाक्य

हें कितें ?	यह क्या है ।
हें एक मेज.	यह एक मेज़ है ।
मेज खंय आसा ?	मेज़ कहाँ है ।
मेज हांगा ना.	मेज़ यहाँ नहीं है ।
मेज थांगा आसा.	मेज़ वहाँ है ।
तूं कोण ?	तुम कौन हो ।
हांव एक दादलो.	मैं एक आदमी हूँ ।
ती बायल खंय वता ?	वह औरत कहाँ जाती है ?
ती भायर वता.	बह बाहर जाती है ।
हें कदेल थांगा व्हर आनी तें मेज़ हांगा हाडि.	यह कुरसी वहाँ ले जाओ और वह मेज़ यहाँ लाओ ।
आतां दीसु कि राति ?	क्या, अब दिन है या रात ?
तूं हें काम करता वे ?	क्या, तुम यह काम करते हो ?
ना, आजि हांव हें काम करना.	नहीं, आज मैं यह काम नहीं करता ।
तो बूकुवे ?	क्या, वह किताब है ?
न्हंय, तो बूकु न्हंय.	नहीं, वह किताब नहीं ।
व्हय, तो बूकु (तं)	हाँ, वह किताब है ।

कोंकणी में अनुवाद किजिये :—

वह क्या है ? वह कलम है । वह कौन है । वह आदमी है । वह औरत है । औरत कहाँ है ? औरत अन्दर है । वह अन्दर नहीं है । क्या वह कलम है ? नहीं वह पेन्सिल है ।

कागज़ और कलम यहां लाओ और एक खत लिखो। तुम कौन हो? मैं लडकी हूँ। लडकी कहाँ है? वह यहाँ नहीं हैं। वह किताब नहीं पढती। वह चिट्ठी पढती है। क्या आप कोंकणी सीखते हैं? हाँ, हम कोंकणी सीखते हैं। कागज लो और एक खत लिखो।

पाठ 4

भविष्यत काल और उस के भेद

रावुंक	- रहना, खडा होना, ठहरना	पावुंक	- पहुँचना
पेटौंक, धाडुंक	- भेजना	निदेवुंक	- सोना
लावुंक	- खिलाना	जेवुंक	-भोजन करना
वाट	- रास्ता	स्थायु	- जगह
खब्बर	- खबर	दिसानदीसु	- हर रोज़
सगट	- सब	सगळो	- सारा
वुधवन्तु	- समझदार	पिश्शो	- बे-समझ
फकत	- सिर्फ	तुरन्त	- एक दम
वूणे, ऊणे	- कम	चड	- ज्यादा
कांय एक	- जो कुछ	आनी कांय	- और कुछ
सगटंय	- सब कोई	सग	- सब कुछ

भविष्यत काल

कोंकणी में भविष्यत काल के दो रूप हैं – निश्चित भविष्यत काल और अनिश्चित भविष्यत काल। इन दोनों के प्रयोग में वही फरक है जो अंग्रेजी के 'shall' और 'will' के प्रयोग में है।

निश्चित भविष्यत काल

धातु के साथ 'त' प्रत्यय जोडकर क्रिया का वर्तमान कालिक कृदन्त बनाया जाता है। इस कृदन्त के साथ उत्तम पुरुष पुल्लिग एक वचन में 'लों', बहुवचन में 'ले', मध्यम पुरुष एवं अन्य पुरुष एकवचन में 'लो' और बहुवचन में 'ले' जोडकर कोंकणी में निश्चित भविष्यत काल रूप बनाया जाता है। उत्तम पुरुष स्त्रीलिंग एकवचन में 'लीं', बहुवचन में 'ल्यो' और मध्यम पुरुष और अन्य पुरुष एकवचन में 'लीं' और बहुवचन में 'ल्यो'; और नपुंसकलिंग तीनों पुरुष, एकवचन में 'लें' और बहुवचन में 'लीं' जोड दिया जाता है।

पुल्लिग

एकवचन — 'ली' बहुवचन — 'ले'
उत्तम पुरुष एकवचन — 'लों'

स्त्रीलिंग

एकवचन — 'लो' बहुवचन — 'ल्यो'
उत्तमपुरुष एकवचन — 'लीं'

नपुंसकलिंग

एकवचन — 'लें' बहुवचन — 'लीं'

पुल्लिग

करुंक — करना

एकवचन		बहुवचन
उ० हांव करतलों	- मैं करूँगा	अमी करतले - हम करेंगे
म० तूं करतलो	- तू करेगा / तुम करोगे	तुमी करतले - आप करेंगे
अ० तो करतलो	- वह करेगा	ते करतले - वे करेंगे

स्त्रीलिंग

एकवचन		बहुवचन
उ० हांव करतलीं - मैं करूँगी		अमी करतल्यो - हम करेंगी
म० तूं करतली -	तू करेगी / तुम करोगी	तुमी करतल्यो - आप करेंगी
अ० ती करतली - वह करेगी		त्यो करतल्यो - वे करेंगी

नपुंसकलिंग

एकवचन		बहुवचन
उ० हांव करतलें - मैं करूँगा		आमी करतलीं - हम करेंगे
म० तू करतलें -	तू करेगा / तुम करोगे	तुमी करतलीं - आप करेंगे
अ० तें करतलें - वह करेगा		तीं करतलीं - वे करेंगे

'लों', 'लीं', 'लें' के स्थान पर 'नों', 'नीं', 'नें' प्रत्यय भी लगाये जाते हैं। जैसे :—

करतनों	—	करूँगा	
करतनीं	—	करूँगी	
करतनें	—	करूँगा	(नपुं.)
करतनीं	—	करेंगे	(नपुं.)

अनिश्चित भविष्यत काल

धातु के साथ उत्तम पुरुष एकवचन में 'ईन', बहुवचन में 'ऊं' मध्यमपुरुष एकवचन में 'शी', बहुवचन में 'शात' और अन्य पुरुष एकवचन में 'ईत' और बहुवचन में 'तीत' प्रत्यय लगाकर कोंकणी में अनिश्चित भविष्यत काल बनाया जाता है। क्रिया के रूप में लिंग भेद नहीं होता।

	एकवचन		बहुवचन	
उ०	हांव	- 'ईन'	आमी	- 'ऊं'
म०	तूं	- 'शी'	तुमी	- 'शात'
अ०	तो, ती, तें	- ईत	ते, त्यो, तीं	- 'तीत'

1. करुंक — करना

	एकवचन		बहुवचन	
उ०	हांव करीन	- मैं करूँगा	आमी करूँ	- हम करेंगे
म०	तूं करशी	- तू करेगा / तुम करोगे	तुमी करशात	- आप करेंगे
अ०	तो / ती / तें करीत	- वह करेगा / वह करेगी / वह करेगा	ते / त्यो / तीं करतीत	- वे करेंगे / वे करेंगी / वे करेंगे

2. वचुंक — जाना

	एकवचन	बहुवचन
उ०	वचन	वचूं
म०	वशी	वशात
अ०	वचत	वतीत

3. उल्लौंक — बोलना

	एकवचन	बहुवचन
उ०	उल्लैन	उल्लोवूं
म०	उल्लैशी	उल्लैशात
अ०	उल्लैत	उल्लैतीत

4. धूवुंक — धोना

	एकवचन	बहुवचन
उ०	धूयन, धूवीन	धूशात
म०	धूशी	धूशात
अ०	धूयत	धूतीत

5. लावुक — खिलाना

	एकवचन	बहुवचन
उ०	लायन	लावूं
म०	लायशी	लायशात
अ०	लायत	लायतीत

6. आसुंक — होना

	एकवचन	बहुवचन
उ०	आसन	आसूं
म०	आश्शी	आश्शात
अ०	आसत	आसतीत

7. जावुंक — होना

	एकवचन	बहुवचन
उ०	जायन	जावूं
म०	जाशी	जाशात
अ०	जायत	जातीत

8. दीवुंक — देना

	एकवचन	बहुवचन
उ०	दीन, दीयीन	दीवूं
म०	दीशी	दीशात
अ०	दीत, दीयन	दीतीत

9. घेवुंक — लेना

	एकवचन	बहुवचन
उ०	घेन, घेयीन	घेवूं
म०	घेशी	घेशात
अ०	घेत, घेयीत	घेतीत

निषेधार्थ रूप

दोनों प्रकार के भविष्यत कालों का निषेधार्थ रूप एक ही समान बनता है। धातु के साथ 'ना' जोडकर यह रूप बनाया जाता है; लेकिन 'ना' जोड देने के पहले, धातु आकारान्त हो तो 'ची' और धातु आकारान्त न हो तो 'वंची' जोड दिया जाता है। क्रिया का यह निषेधार्थ रूप हमेशा अन्य पुरुष एकवचन में रहता है।

उदा :—

करचीना — न करेगा
हाडचीना — न लायेगा
जावंचीना — न होगा
दिवंचीना — न देगा
धुवंचीना — न धोयेगा
घेवंचीना — न लेगा
येवंचीना — न आयेगा
उल्लौंचीना — न बोलेगा

जिस निषेधार्थ रूप में 'वंचीना' रहता हैं, उस में से 'ची' छोडकर बाकी का प्रयोग करके भी यह निषेधार्थ रूप बनाया जा सकता है। जैसे :—

जावंना, दिवंना, धुवंना, घेवंना
उल्लौंना, लावंना, येवंना

इस क्रिया के कर्ता के साथ हमेशा एकवचन में 'न' और बहुवचन में 'नी' प्रत्यय जोड दिये जाते हैं। जैसे :—

रामान आजि थांगा वचीना – राम आज वहां नहीं जायगा।

चेल्यानी (चेले+नी) आज खाण खावंचीना } लडके आज खाना नहीं खायेंगे।

लेकिन 'आमी' और 'तुमी' को छोडकर हांव, तूं, आपुण (आपुण-निजवाचक) और कोण के साथ 'एं' प्रत्यय जोड दिया जाता है और तो, ती, तें; हो, ही, हें; जो, जी, जें (जो) — इन के साथ 'णें' प्रत्यय जोड दिया जाता है।

जैसे :— हांवें, तूंवें (तुवें), आपणें, कोणें और
ताणें, तिणें, हाणें, हिणें, जाणें, जिणें—जिनका रूप

बहुवचन में क्रमशः तांणी, हांणी और जांणी हो जाता है।

वाक्य

तूं फल्या थांगा आसतलोवे ?	क्या, तुम कल वहाँ होगे ?
तो हांगा केन्ना येतलो ?	वह यहाँ कब आयेगा ?
ती आतां वतली.	वह अब जायगी।
हांव भित्तरि येवूंवे ?	क्या, मैं अन्दर आऊँ ?
तूं चीटि केन्ना बरेयतलो ?	तुम चिट्ठी कब लिखोगे ?
आमी फायी सकाळि वचीना.	हम कल सबेरे नहीं जायेंगे।
ती कितें करतली ?	वह क्या करेगी ?
उदक कोण हडतले ?	पानी कौन लायेगा ?
तुमी कितें पितले ?	आप क्या पीयेंगे ?
रामान आज कांय उल्लोंचीना.	राम आज कुछ नहीं बोलेगा।
तांणी भायर बैसचीना	वे बाहर नहीं बैठेंगे ?
आमो वचूंवे ?	क्या, हम जायँ ?
हांव तें काम करुंवे ?	क्या, मैं वह काम करूँ ?

ते हांगा खंय राबतले ?	वे यहाँ कहाँ ठहरेंगे ?
तूं आजि राति केन्ना निदतलो ?	तुम आज रात कब सोओगे ?
हांवें आजि सांजे थांगा पावंचीना.	मैं आज शाम वहाँ नहीं पहुँचूंगा ।
हांणी चाय पिवंचीना.	ये चाय नहीं पीयेंगे ।
ताणें खाण खावंचीना.	वह खाना नहीं खायेगा ।
तिणें कोंकणी शिकचीना.	वह कोंकणी नहीं सीखेगी ।
हिणें आजि दनपारां थांगा वचीना.	यह आज दोपहर वहाँ नहीं जायेगी ।

कोंकणी में अनुवाद कीजिये :—

मैं अब जाऊँगा । तुम कब आओगे । वह कब किताब पढेगी ? तुम क्या लाओगे ? क्या तुम पानी पीओगे ? वह चाय नहीं पीयेगी । वह दूध पीयेगी । वे कल किताब नहीं लायेंगे । मैं आज शामको वहां नहीं जाऊँगी । मैं अन्दर नहीं बैठूंगा । हम अन्दर आयें ? तुम अब क्यां करोगे ? वे कल पानी लायेंगे । वह कल चिट्ठी नहीं भेजेगा । वह आदमी कल शाम को यहाँ पहुँचेगा । तुम चिट्ठी कब लिखोगे ? मैं शाम को नहीं सोवूंगा । हम कहां ठहरेंगे ? तुम कब भोजन करोगे ? वे आज रात यहाँ नहीं पहुँचेंगे ।

पाठ 5

भूतकाल और उसके भेद

कोणेंय	- कोई	तण	- घास
बड्डी	- लकडी, छडी	राकूड	- लकडी (fuel)
घर, खोंपी	- घर, झोंपडी	बोव	- शोर
तूप	- घी	लोणी	- मक्खन

ताक	- छाछ	धयं, मेणांय	- दही
तोपी	- टोपी	खुशालि, तमाशा	- तमाशा
मारुंक	- मारना	वीकुंक	- बेचना
कित्याक, इत्याक	- क्यों	कित्याक म्हळयारि	- क्योंकि
देकून	- इसलिये	म्हळयार	- याने, अर्थात
		म्हणु	- कि that (conj.)
आम्बो	- आम	चींच	- इमली

भूतकाल

क्रिया के भूतकालिक कृदन्त से कर्ता के पुरुष-लिंग-वचन के प्रत्यय जोडकर कोंकणी में भूतकाल बनाया जाता है। धातु से 'ल' जोडने से भूतकालिक कृदन्त रूप मिलता है। जैसे :—

धातु	प्रत्यय	भूतकालिक कृदन्त
आस	ल	आसल
उल्लै	ल	उल्लैल
वाच	ल	वाचल

लेकिन निम्न लिखित धातु इस नियम का पालन नहीं करते।

धातु	भूतकालिक कृदन्त
कर	केल
मर	मेल
वच	गेल
यो	आयल
घे	घेतल
म्हण	म्हळ

भूतकाल के चार भेद हैं:— सामान्य भूतकाल, अपूर्ण भूतकाल, आसन्न भूतकाल और पूर्ण भूतकाल—इनके रूप और अर्थ नीचे दिये जाते हैं।

1. सामान्य भूतकाल

i) आसूंक – होना

पुल्लिग

एकवचन		बहुवचन	
उ० हांव आसलों	- मैं था	आमी आसले	- हम थे
म० तूं आसलो	- तू था, तुम थे	तुमी आसले	- आप थे
अ० तो आसलो	- वह था	ते आसले	- वे थे

स्त्रीलिंग

एकवचन		बहुवचन	
उ० हांव आसलीं	- मैं थी	आमी आसल्यो	- हम थीं
म० तूं आसली	- तू थी, तुम थीं	तुमी आसल्यो	- आप थीं
अ० ती आसली	- वह थी	त्यो आसल्यो	- वे थीं

नपुंसकलिंग

एकवचन		बहुवचन	
उ० हांव आसलें	- मै था	आमी आसलीं	- हम थे
म० तूं आसलें	- तू था, तुम थे	तुमी आसलीं	- आप थे
अ० तें आसलें	- वह था	तीं आसलीं	- वे थे

ii) उल्लौंक - बोलना

पुल्लिग

एकवचन		बहुवचन	
उ० हांव उल्लैलों	- मैं बोला	आमी उल्लैले	- हम बोले
म० तूं उल्लैलो	- तू बोला, तुम बोले	तुमी उल्लैले	- आप बोले
अ० तो उल्लैलो	- वह बोला	ते उल्लैले	- वे बोले

स्त्रीलिंग

एकवचन	बहुवचन
उ० हांव उल्लेलीं - मैं बोली	आमी उल्लैल्यो - हम बोलीं
म० तूं उल्लैलीं - तू बोली, तुम बोली	तुमी उल्लैल्यो - आप बोलीं
अ० ती उल्लैली - वह बोली	त्यो उल्लैल्यो - वे बोलीं

नपुंसकलिंग

एकवचन	बहुवचन
उ० हांव उल्लैलें - मैं बोला	आमी उल्लैलीं - हम बोले
म० तूं उल्लैलें - तू बोला, तुम बोले	तुमी उल्लैलीं - आप बोले
अ० तें उल्लैलें - वह बोला	तीं उल्लैलीं - वे बोले

निषेधार्थ रूप

इस काल में निषेधार्थ सूचित करने केलिये क्रिया के साथ एक वचन में 'ना' और बहुवचन में 'नात' जोड दिया जाता है। लेकिन 'आस' धातु का निषेधार्थ रूप बनाने के लिये ये प्रत्यय क्रिया के आदि में ही प्रयुक्त होते हैं। उदा :—

उल्लौंक — बोलना

एकवचन	बहुवचन
उ० हांव उल्लैलोंना-मैं नहीं बोला	आमी उल्लैलेनात - हम नहीं बोले
म० तूं उल्लैलोना {तू नहीं बोला / तुम नहीं बोले}	तुमी उल्लैलेनात - आप नहीं बोले
तो उल्लैलोना - वह नहीं बोला	ते उल्लैलेनात - वे नहीं बोले
अ० ती उल्लैलीना - वह नहीं बोली	त्यो उल्लैलीनात - वे नहीं बोले
तें उल्लैलेंना - वह नहीं बोला	तीं उल्लैलींनात - वे नहीं बोले

इसी तरह स्त्रीलिंग और नपुंसलिंग के उत्तम व मध्यम पुरुष के क्रियारूपों के साथ एकवचन में 'ना' और बहुवचन में 'नात' जोडकर इस काल के निषेधार्थ रूप बनाये जा सकते हैं।

आसुंक – होना

	एकवचन		बहुवचन	
उ०	हांव नासलों	- मैं नहीं था.	आमी नातासले	- हम नहीं थे।
म०	तूं नासलो	- तू नहीं था, तुम नहीं थे	तुमी नातासले	- आप नहीं थे
	तो नासलो	- वह नहीं था	ते नातासले	- वे नहीं थे
अ०	ती नासली	- वह नहीं थी	त्यो नातासल्यो	- वे नहीं थीं
	तें नासलें	- वह नहीं था	तीं नातासलीं	- वे नहीं थे
	(ना+आसलो=नासलो);		(नात+आसले=नातासले)	

एक और प्रकार से भी भूतकाल का निषेधार्थ रूप बनाया जाता है। वर्तमानकालिक कृदन्त के 'त' के स्थान पर 'नि' या 'ने' (एकवचन में) और 'नेति' (नेत) (बहुवचन में) का प्रयोग करके भी यह निषेधार्थ रूप बनाया जाता है। लेकिन इसका प्रयोग बहुत कम है। इस में लिंग या पुरुष भेद नहीं है। उदा:

एकवचन		बहुवचन	
उल्लैनि या उल्लैने	- नहीं बोला / नहीं बोली	उल्लैनेति	- नहीं बोले / नहीं बोलीं

2. अपूर्ण भूतकाल

धातु के वर्तमानकालिक कृदन्त के साथ 'आ' लगाकर उसके परे भूतकालिक कृदन्त का प्रत्यय 'ल' जोडकर कोंकणी में क्रिया का अपूर्ण भूतकाल रूप बनाया जाता हैं जो पुरुष, लिंग, वचन में कर्ता से अन्वित होता है।

धावुंक — दौडना

पुल्लिग

एकवचन		बहुवचन
उ० हांव धांवतालों -	मैं दौडता था	आमी धांवताले - हम दौडते थे
म० तूं धांवतालो -	तू दौडता था / तुम दौडते थे	तुमी धांवताले - आप दौडते थे
अ० तो धांवतालो -	वह दौडता था	ते धांवताले - वे दौडते थे

स्त्रीलिंग

एकवचन		बहुवचन
उ० हांव धांवतालीं -	मैं दौडती थी	आमी धांवताल्यो-हम दौडती थीं
म० तूं धांवताली -	तू दौडती थी / तुम दौडती थीं	तुमी धांवताल्यो-आप दौडती थीं
अ० ती धांवताली -	वह दौडती थी	त्यो धांवताल्यो -वे दौडती थीं

नपुंसकलिंग

एकवचन		बहुवचन
उ० हांव धांवतालें -	मैं दौडता था	आमी धांवतालीं - हम दौडते थे
म० तूं धांवतालें -	तू दौडता था / तुम दौडते थे	तुमी धांवतालीं - आप दौडते थे
अ० तें धांवतलें -	वह दौडता था	तीं धांवतालीं - वे दौडते थे

ऊपर बनाये गये उदाहरणों के 'ता' के स्थान पर 'नास' लगाकर अपूर्ण भूतकाल का निषेधार्थ रूप बनाया जाता है ।

निषेधार्थ रूप

धांवूक — दौडना

	एकवचन		बहुवचन	
उ०	हांव धांवनासलों	- मैं नहीं दौडता था	आमी धांबनासले	- हम नहीं दौडते थे
म०	तूं धांवनासलो	- तू नहीं दौडता था / तुम नहीं दौडते थे	तुमी धांवनासले	- आप नहीं दौडते थे
अ०	तो धांवनासलो	- वह नहीं दौडता था	ते धांवनासले	- वे नहीं दौडते थे
	ती धांवनासली	- वह नहीं दौडती थी	त्यो धांवनासल्यो	- वे नहीं दौडती थीं
	तें धांवनासलें	- वह नहीं दौडता था	तीं धांवनासलीं	- वे नहीं दौडते थे

3. आसन्न भूतकाल

भूतकालिक कृदन्त के साथ निम्नलिखित पुरुष, लिंग और वचन के प्रत्यय जोडकर आसन्न भूतकाल रूप बनाया जाता है।

	एकवचन			बहुवचन		
	पु.	स्त्री.	नपुं.	पु.	स्त्री.	नपुं
उ०	आं	यां	आं	आंत (आंव)	यांत (यांव)	यांत (यांव)
म०	आ	या	आं	आत	यात	यांत
अ०	आ	या	आं	आत	यात	यांत

उल्लोंक - बोलना

पुल्लिग

एकवचन		बहुवचन
उ० हांव उल्लैलां - मैं बोला हूँ		आमी उल्लैल्यांत - हम बोले हैं
म० तूं उल्लैला -	तू बोला है / तुम बोले हो	तुमी उल्लैल्यात - आप बोले हैं
अ० तो उल्लैला - वह बोला है		ते उल्लैल्यात - वे बोले हैं

स्त्रीलिंग

एकवचन		बहुवचन
उ० हांव उल्लैल्यां - मैं बोली हूँ		आमी उल्लैल्यांत - हम बोली हैं
म० तूं उल्लैल्या -	तू बोली है / तुम बोली हो	तुमी उल्लैल्यात - आप बोली हैं
अ० ती उल्लैल्या - वह बोली है		त्यो उल्लैल्यात - वे बोली हैं

नपुंसकलिंग

एकवचन		बहुवचन
उ० हांव उल्लैलां - मैं बोला हूँ		आमी उल्लैल्यांत - हम बोले हैं
म० तूं उल्लैलां	तू बोला है / तुम बोले हो	तुमी उल्लैल्यांत - आप बोले हैं
अ० तें उल्लैलां - वह बोला है		तीं उल्लैल्यांत - वे बोले हैं

4. पूर्ण भूतकाल

भूतकालिक कृदन्त से और एक 'ल' जोडकर उससे परे कर्ता के पुरुष, लिंग और वचन के प्रत्यय लगाकर क्रिया का पूर्ण भूतकाल रूप बनाया जाता है। ये दोनों 'ल' संयुक्ताक्षर के रूप में भी लिखे जाते हैं।

जैसे :– अन्यपुरुष एकवचन	तो उल्लैललो	(उल्लैल्लो)	वह बोला था	(पु.)
	ती उल्लैललली	(उल्लैल्ला)	वह बोली थी	(स्त्री.)
	तें उल्लैललें	(उल्लैल्लें)	वह बोला था	(नपुं.)
अन्यपुरुष बहुवचन	ते उल्लैलले	(उल्लैल्ले)	वे बाले थे	(पु.)
	त्यो उल्लैलल्यो	(उल्लैल्ल्यो)	वे बोली थीं	(स्त्री.)
	तीं उल्लैललीं	(उल्लैल्लीं)	वे बोले थे	(नपुं.)

उल्लींक – बोलना

पुल्लिंग

एकवचन		बहुवचन
उ० हांव उल्लैललों - मैं बोला था		आमी उल्लैलले - हम बोले थे
म० तूं उल्लैललो -	तू बोला था / तुम बोले थे	तुमी उल्लैलले - आप बोले थे
अ० तो उल्लैललो - वह बोला था		ते उल्लैलले - वे बोले थे

स्त्रीलिंग

एकवचन		बहुवचन
उ० हांव उल्लैललीं - मैं बोली थी		आमी उल्लैलल्यो- हम बोली थीं
म० तूं उल्लैललली -	तू बोली थी / तुम बोली थी	तुमी उल्लैलल्यो - आप बोली थीं
अ० ती उल्लैललली - वह बोली थी		त्यो उल्लैलल्यो - वे बोली थीं

नपुंसकलिंग

एकवचन		बहुवचन
उ० हांव उल्लैललें - मै बोला था		आमी उल्लैललीं - हम बोले थे
म० तूं उल्लैललें -	तू बोला था, / तुम बोले थे	तुमी उल्लैललीं - आप बोले थे
अ० तें उल्लैललें - वह बोला था		तीं उल्लैललीं - वे बोले थें

निषेधार्थ रूप

जैसे सामान्य भूतकाल क्रिया के निषेधार्थ रूप बनाये जाते हैं, वैसे क्रिया के साथ एकवचन में 'ना' और बहुवचन में 'नात' जोडकर पूर्ण भूतकाल के निषेधार्थ रूप बनाये जाते हैं। जैसे :—

तो उल्लैललोना — वह नहीं बोला था
ते उल्लैललेनात — वे नहीं बोले थे
ती उल्लैललीना — वह नहीं बोली थी
त्यो उल्लैलल्योनात— वे नहीं बोली थीं
तें उल्लैललेंना — वह नहीं बोला था (नपुं.)
तीं उल्लैललींनात — वे नहीं बोले थे (नपुं.)

लेकिन 'आस' धातु का पूर्ण भूतकाल-निषेधार्थ रूप बनाने के लिये 'ना' और 'नात' क्रिया के पूर्व जोड दिये जाते हैं। जैसे :—

ना +आसललो ▷ नासललो
नात+आसलले ▷ नातासलले

पूर्ण भूतकालिक क्रिया का रूप अन्यपुरुष में विशेषण के समान प्रयुक्त होता है।

जैसे :— पिकल्लो आम्बो — पका आम (पु. एकवचन)
पिकल्ले आम्बे — पके आम (पु. बहुवचन)
पिकल्ली चींच — पकी इमली (स्त्री. एकवचन)
पिकल्ल्यो चींचो — पकी इमलियां (स्त्री. बहुवचन)
पिकल्लें पेर — पका अमरूद (नपुं. एकवचन)
पिकल्लीं पेरां — पके अमरूद (नपुं. बहुवचन)

वाक्य

तू थांगा कितें करता ? | तुम वहां क्या करते हो ?
हांव पुस्तक वाचितां, | मैं पुस्तक पढता हूँ।

तो इतें खाता ?	वह क्या खाता है ?
तो लाडू खाता.	वह लड्डू खाता है ।
त्यो कितें करतात ?	वे क्या करती हैं ?
त्यो कांय करनात.	वे कुछ नहीं करतीं ।
तो फाल्या सांजे खंय वतली ?	वह कल शाम को कहाँ जायगी ?
हांवे आज कांय पिवंचीना.	मैं आज कुछ नहीं पीऊँगा ।
तो शरबत पितलो.	वह शरबत पीयेगा ।
तूं हांगा केन्ना पावलो ?	तुम यहाँ कब पहुंचे ?
तो पयरि साकाळि हांगा आयलो.	वह परसों सवेरे यहाँ आया ।
तो आज खंय गेल्या ?	वह आज कहाँ गयी है ?
हांव शिकुंक आयलां.	मैं सीखने आया हूँ ।
रामु आतां जेवला.	राम ने अब भोजन किया है ।
तें कोंकणी पुस्तक वाचतालें.	वह कोंकणी पुस्तक पढता था ।
तो हिन्दी बरेयतालो.	वह हिन्दी लिखता था ।
तूं कालि सांजे कितें करतालो ?	तुम कल शाम क्या करते थे ?
तो हांगा केदनां आयललो ?	वह यहाँ कब आया था ?
तो कालि राति आयललो.	वह कल रात आया था ?
तो पिकल्लो आम्बो गोडु आसा.	वह पका आम मीठा है ।
ती पिकल्ली चींच गोडि न्हंय.	वह पकी इमली मीठी नहीं ।
व्हडान उल्लैनाकात, ल्होवू उल्लैयात.	ज़ोर से मत बोलिये, आहिस्ते बोलिये ।
कालि हांगा आयललो दादलो आज मेल्लो.	कल यहाँ आया आदमी आज मर गया ।

कोंकणी में अनुवाद कीजिये :—

परसों एक आदमी यहाँ आया था। वह एक पत्र लाया था। क्या, आप अब आये हैं? कल तुम वहाँ क्यों नहीं गये? क्योंकि वह वहाँ नहीं था। वह आदमी बेसमझ है। कल रात तुम यहाँ क्यों नहीं सोये? आज वह आदमी कहाँ चला गया? क्या, तुम कल वहाँ गये थे? तुम कहाँ रहते थे? हम यहाँ नहीं रहते थे। आज वहाँ कुछ तमाशा होगा। कल वहाँ कुछ नहीं था। वह लडकी कोंकणी सीखती थी। वह लडका चिट्ठी लिखता था। वह आदमी हिन्दी पढता था। कल यहाँ आया आदमी आज कहाँ चला गया? वह लडका यहाँ क्यों आता था? वह औरत कल वहाँ क्यों आयी थी? वह लडकी कहाँ गयी थी?

पाठ 6

संभाव्य भविष्यत काल

पडुंक	- गिरना, लेटना	खेलुंक	- खेलना
धरुंक	- पकडना	आयकुंक	- सुनना
आपौंक, उलदुंक	- बुलाना	मरुंक	- मरना
अश्शी	- ऐसे	कश्शी	- कैसे
तश्शी	- वैसे	जश्शी	- जैसे
तय्यार	- तय्यार	साफ	- साफ़
मांस	- मांस	मासळि, नुश्तें	- मछली
भाज्जी	- भाजी	कायरें, उत्तर	- बात

केदनांय	- हमेशा	एट्टोळु	- अब तक
मित्रु, दोस्त	- दोस्त	शत्रु	- शत्रु
आंनु	- भाई (बडा)	भाउ	- भाई (छोटा)
आका	- बहन (बडी)	भयणि	- बहन (छोटी)
आवय, मांय, आमा	मां	बापा, बाप	- बाप
आवय-बाप मांय-बाप	माँ-बाप	चेरडूं, भुरगें	- बच्चा (नपुं.)
घोवु. बामूणु	- पति	धूव	- पुत्री
पूतु	- पुत्र	आयि, आज्जी	- दादी
आबु, आज्जो	- दादा	नाति	- पौत्री
नातु	- पौत्र	मांयि	- सास
मांवुं	- ससुर	भाचि	- भांजी
भाचो	- भांजा	पोणति	- प्रपौत्री
पोणतु	- प्रपौत्र	प्रश्नु	- सवाल
जाप	- जवाब	गोडु	- मीठा

संभाव्य भविष्यत काल

क्रिया के द्वारा अनुमति, इच्छा और सन्देह के भावों को प्रकट करने के लिये संभाव्य भविष्यत काल का प्रयोग होता है। धातु के साथ 'एत' प्रत्यय जोडकर कोंकणी में संभाव्य भविष्यत काल बनाया जाता है। लिंग वचन के अनुसार इसके रूपों में अन्तर नहीं पडता। जैसे :—

कर + एत = करयेत — करे
वच + एत = वचेत — जाये
खा + एत = खावयेत — खाये

इस काल की क्रिया के कर्ता के साथ 'न', 'नी' जोड दिया जाता है। जैसे :—

रामान हें काम करयेत. – राम यह काम करे।
ताणें आजि येवयेत. – वह आज़ आये।

क्रिया के साधारण रूप के साथ 'पूरो' (काफी, बस) शब्द जोडकर भी इस काल का भाव निकाला जाता है। जैसे :—

तो हें पुस्तक आजि वाचुंक पूरो. – वह पुस्तक आज पढे।
ते आजि सांजे थांगा वचाक पूरोत – वे आज शाम वहाँ जायें।

निम्नलिखित प्रकार से भी संभाव्य भविष्यत काल बनाया जाता है। इससे अधिकतया अनुमति देने या लेने का और इच्छा प्रकट करने का भाव निकलता है।

करुंक – करना

	एकवचन	बहुवचन
उ.	हांव करूं (कर+ऊं) - मैं करूं	आमी करूं (कर+ऊं) - हम करें
म.	तूं करि (कर+इ) - तू कर, तुम करो	तुमी करात (कर+आत) - आप करें
अ.	तो/ती/तें करो (कर+ओ)-वह करे	ते/त्यो/तीं करोत (कर+ओत) वे करें

आज्ञार्थ का निषेधार्थ रूप ही इसका भी निषेधार्थ रूप है।

वाक्य

आमी हें पुस्तक वाचूंवे ?	क्या, हम यह पुस्तक पढें ?
आमी तें काम करूंवे ?	क्या, हम वह काम करें ?
हांव भित्तरि येवूंवे ?	क्या, मैं भीतर आऊँ ?

हांव थांगा वचूं कि हांगा रावूं ?	मैं वहाँ जाऊँ या यहाँ रहूँ ?
ताणें फाल्या थांगा वचेत.	वह कल वहाँ जाये ।
तो फाल्या थांगा वचो.	
कृष्णान हें उदक पिवयेत.	कृष्ण यह पानी पीये ।
तांणीं परां हांगा येवयेत.	वे परसों यहाँ आयें ।
हांव कितें करयेत ?	मैं क्या करूँ ?
देवु बरें कोरो. (करो)	ईश्वर भला करे ।
तूं आतां थंय बैस.	तुम अब वहाँ बैठो ।
ताणीं कोंकणी शिकयेत.	वे कोंकणी सीखें ।
तो आज भायर वचाक पूरो. (वचापूरो)	वह आज बाहर जाये ।
ते भित्तरि येवोत आनी हांगा बैसोत.	वे अन्दर आयें और यहाँ बैठें ।
तो हें काम करो.	वह यह काम करे । (अनुमति)
हांव हें उदक पीवूंवे ?	क्या, मैं यह पानी पीऊँ ? (अनुमति)
तो हांगा राबोवे ?	क्या, वह यहाँ रहे ?
बूकु काडूंवे ?	किताब लूं ?
तो आजि हांगा येंवचाक पूरो· (येंवचा पूरो)	वह आज यहाँ आये ।
तो फायि मरुंक पूरो.	वह कल मरे ।

कोंकणी में अनुवाद कीजिये :—

मैं अन्दर आऊँ ? हम बोलें ? अब राम बाहर जाये । वह यह काम कैसे करेगा ? मैं पत्र कैसे लिखूं ? सब लोग कोंकणी सीखें । आज वे वहाँ न जायें । वे पानी न पीयें । हम कल वहाँ जायें । लडका वहाँ खडा रहे । वह क्या करे ? तुम अब

वहाँ बैठो। ईश्वर भला करे? आप किताब वहाँ रखें। वे आज शाम को खेलें। हम कल वहाँ चलें? मैं क्या करूँ? कहाँ जाऊँ? हम यह काम कैसे करें? वह अन्दर आये और वह किताब पढे।

पाठ 7

पूर्वकालिक कृदन्त

वाजूंक	- बजना, बजाना	आतांय	- अब तक
एक वर	- एक बजा	दोनि वरां	- दो बजे
वरारि	- बजे (O' clock)	दोनि वरांरि	- दो बजे
गीन्तु	- गीत	म्हणुंक	- कहना, गाना
म्हण्णि	- गायन, कहावत	वासूरं, पाड्डूक	- बछडा
गायि	- गाय	पाड्डो	- बैल
कोल्लो	- सियार	कीरु	- तोता
मोरु	- मोर	मूयि	- चींटी
कोंबो	- मुर्गा	कुंकडि	- मुर्गी
कुंकड (नपुं.)	- मुर्गा या मुर्गी	पील	- जानवर या चिडिया का बच्चा
सूणें	- कुत्ता	बुक्को	- बिलाब
कायलो	- कौआ	बोक्कडि	- बकरी
भीक	- भीख	भूक	- भूख
बाबु	- बच्चा	बायि	- बच्ची
मातें	- सिर	केसु	- बाल

कानु	- कान	दोळो	- आँख
नांक	- नाक	जीब	- जीभ
हातु	- हाथ	पायु	- पैर
बोट	- उँगली	उंगोटो	- अंगूठा
पावल	- पाँव	नंकूट	- नाखून

पूर्वकालिक कृदन्त

धातु के अन्त में 'ऊनु' (ऊन) प्रत्यय लगाकर क्रिया का पूर्वकालिक कृदन्त बनाया जाता है।

वच+ऊनु=वचूनु—जाकर; कर+ऊनु=करूनु—करके

आ, ई, ऊ, ए और ऐ कारान्त धातु के अन्त में 'ऊनु' लगने पर 'वनु' बन जाता है। जैसे :—

खा	+ ऊनु =	खावनु	खाकर
पी	+ ऊनु =	पीवनु	पीकर
धू	+ ऊनु =	धूवनु	धोकर
घे	+ ऊनु =	घेवनु	लेकर
उल्लै	+ ऊनु =	उल्लोवनु (उल्लौनु)	बोलकर

अगर धातु के अन्त में 'व' आये, तो यह 'ऊनु' 'नु' बन जाता हैं। जैसे :—

जेव	+ ऊनु =	जेवनु	—	भोजन कर के
धांव	+ ऊनु =	धांवनु	—	दौडकर

अगर धातु के अन्त में 'य' हो तो 'ऊनु' बदलकर 'वनु' बनने से पहले 'य' लुप्त हो जाता है। जैसे :—

लाय	+ ऊनु =	लावनु	—	खिलाकर

जब दो क्रियाओं का एक ही सामान्य कर्ता रहता है, और दूसरी क्रिया पहली क्रिया के बाद ही होती है और उस पर निर्भर रहती है, तब पहली क्रिया के पूर्वकालिक कृदन्त रूप का प्रयोग होता है।

येवनु बैस.	—	आकर बैठो।
खावनु वच.	—	खाकर जाओ।
पुस्तक काडूनु (काणु) वाचि.	—	पुस्तक लेकर पढो।

धातु के साथ 'नातिल्लें' जोडकर इस क्रिया का निषेधार्थ रूप बनाया जाता है। जैसे :–

खा + नातिल्लें = खानातिल्ले (खावनातिल्लें, खायनातिल्लें) } न खाकर (खाये बिना)

कर + नातिल्लें = करनातिल्लें न करके, (किये बिना)

तो चाय पीनातिल्लें गेल्लो — वह चाय पिये बिना चला गया।

वाक्य

थांगा वचून बैस.	वहाँ जाकर बैठो।
पुस्तक काडून (काणु) वाचि.	पुस्तक लेकर पढो।
हांव खाण खावनु चाय पितलों.	मैं खाना खाकर चाय पीवूंगा।
तूं थांगा वचून कितें करतलो ?	तुम वहाँ जाकर क्या करोगे ?
आमी पुस्तक हाडूनु (हाणु) वाचतले.	हम किताब लाकर पढेंगे।
पेन काडूनु (काणु) एक चीटि बरेयात.	कलम लेकर एक चिट्ठी लिखिये।
तो येवनु थांगा बैसलो.	वह आकर वहाँ बैठा।
शब्दु आयकूनु ते धावले.	आवाज़ सुनकर वे दौडे।
कोंकणी शीकूनु तुमी कितें करतले?	कोकणी पढकर आप क्या करेंगे।
तुमी थांगा कालि गेलेलेवे ?	क्या, आप कल वहाँ गये थे ?

थांगा कोण आशिले ?	वहाँ कौन था ?
सगट कितें करतात ?	सब क्या करते हैं ?
तो कांय सांगना.	वह कुछ नहीं बोलता ।
आज थांगा खुशालि आसतली.	आज वहाँ तमाशा होगा ।
थांगा कालि कितें जालें ?	वहाँ कल क्या हुआ ?
कांय जालेना.	कुछ नहीं हुआ ।
कालि थांगा कोणेय नासिलेले.	कल वहाँ कोई नहीं था ।
तो हांगा खंय रावता ?	वह यहाँ कहाँ रहता है ?
दोनि वरां वाजूनु पांच मिनट जालीं.	दो बजकर पाँच मिनट हुए।
तो हांगा येवुनु गेलो.	वह यहाँ आकर गया।

कोंकणी में अनुवाद कीजिये :—

क्या तुम वहाँ गये थे ? नहीं मैं नहीं गया था । क्या सब नौकर चले गये ? वह पुस्तक ले गया । तुम कब यहाँ आये ? तुम कल वहाँ नहीं गये, इसलिये वह आज सबेरे यहाँ आया । वह किताब लेकर चला गया । वह जाकर वहाँ बैठ गया । तुम यह चिट्ठी लेकर पढो । वहाँ जाकर तुम क्या करोगे ? वह खाना खाकर चला गया । तुम रोटी बनाकर खाओ । अंग्रेज़ी पढकर तुम क्या करोगे ? बात सुनकर जाओ । जवाब दिये बिना वह चला गया । चिट्ठी लेकर यहाँ आओ । हाथ मुँह धोकर खाना खाओ । मैं चाय पीकर वहाँ जाऊँगा । काम करके वह यहाँ आया । यह रुपया लेकर तुम किताब खरीदो ।

पाठ 8

लिंग व वचन

कूड	- कमरा	कवड	- दरवाज़ा
पेस्काति	- चाकू	खाण्डें	- तलवार
विन्दूरु, उन्दोरु	- चूहा	कीडो, कीडि	- कीडा
मान्चो	- खाट	चोग्गो. चोगो	- कुरता
मुंगूशि	- नेवला	पाकी	- तितली
फुल्ली	- नाक का आभूषण (Nose-ring)	चान्नी	- गिलहरी
मुद्दी	- अंगूठी	दुद्दी	- कद्दु (Pumpkin)
बी	- बी (Nut)	बीं, बियाळ	- बीज (Seed)
मोग्गें	- खीरा	चित्तळ	- हिरण (Deer)
आयदन	- बरतन	मांकड	- बन्दर
सातें	- छाता	सातूलि	- छतरी
कोयलूव	- खपरैल	खूळ	- एडी
ताळूव	- मस्तक	ताळवो	- हथेली, तलवा
जोळूव	- जोंक	मूसु	- मक्खी
मेरूँ	- बारहसिंगा (Stag)	सुंगट	- झींग-मछली (Prawn)
माण्टोवु	- मण्टप	कासोवु	- कछुआ
सारणि	- झाडू	सोकनि	- चिपकली
जग्गलि	- बरामदा	चावि	- चाबी
म्हशि	- भैंसा, भैंस	मतीं	- मोती

तार्म	- जहाज़	तोण्ड	- चेहरा, मुंह
झाड	- पौधा	रोम्पो, रोम्पी	- (छोटा) पौधा (Seedling)
तोडोवु	- देर (Delay)	उगडें	- खुला
उगडुंक,	- खोलना	धांपुंक	- बन्द करना

लिंग

हिन्दी में दो लिंग हैं, लेकिन कोंकणी में तीन लिंग हैं— पुल्लिग, स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग ।

पुरुषबोधक संज्ञाएं पुल्लिग हैं, स्त्री बोधक संज्ञाएँ स्त्रीलिंग हैं और बाकी संज्ञाओं का लिंग उनके रूप पर आधारित है ।

1) 'उ' और 'ओ' कारान्त संज्ञाएँ पुल्लिग होती है । जैसे :— हातु, पायु, चोरु, विन्दूरु, घोडो, कोम्बो, मान्चो, चोगो, कीडो ।

2) 'इ' और 'ई' कारान्त संज्ञाएँ स्त्रीलिंग होती हैं । जैसे :— मुगूंशि, कीडि, मूयि, पेस्काति, तोपी, फुल्ली, पाकी, चान्नी, मुद्दी, बट्टी, बी — लेकिन 'दुद्दी' (कद्दु) पुल्लिग है ।

3) अ, इं, ऊँ और एँ में अन्त होनेवाली संज्ञाएँ नपुंसकलिंग होती हैं । कदेल, आयदन, चित्तळ, माजर, मांकड, बीं, चेरडूं, सातें, मातें, सूणें — लेकिन कोयलूव (खपरैल), खूळ (एडो), ताळूव (मस्तक), जोळूव (जोंक) स्त्रीलिंग हैं । बाकी शब्दों का लिंग निर्णय अधिकतर व्यवहार के अधीन है ।

ऐसे कुछ शब्द हैं, जिन के द्वारा तीनों लिंगों का बोध होता है । मगर शब्द या तो पुल्लिग, या स्त्रीलिंग या नपुंसकलिंग में रहते हैं ।

पुल्लिग :— कीरु, मूमु

स्त्रीलिंग :— मूथि, जोळूत्र, साळोरि, मुंगूशि

नपुंसकलिंग :— सूणें, मेरूं (बारहसिंगा), चित्तळ, सुंगट, चेरडूं।

वचन

कोंकणि में दो वचन हैं। एकवचन और बहुवचन। बहुवचन बनाने के लिये संज्ञा का लिंग जानना आवश्यक है, क्योंकि लिंग के आधार पर बहुवचन में शब्दों का रूपान्तर होता है।

पुल्लिंग शब्दों के बहुवचन बनाने के नियम

1) 'उ' कारान्त पुल्लिंग शब्दों के बहुवचन में अन्तिम 'उ' का लोप होता है।

देवु – देव; हातु – हात

चोरु – चोर, कीरु – कीर

(फात्तरु) फात्तोरु – फात्तर

(माण्टवु) माण्टोवु – माण्टव

(कासवु) कासोवु – कासव

(गायण्डळु) गायण्डोळु – गायण्डळ

2) 'ओ' कारान्त पुल्लिंग शब्दों में, बहुवचन बनाने केलिये 'ओ' के स्थान पर 'ए' कर देते हैं।

घोडो – घोडे

माडो – माडे

कोम्बो – कोम्बे

चोग्गो – चोग्गे

बाकी पुल्लिंग शब्द एकवचन और बहुवचन-दोनों में एक से रहते हैं। दुद्दी – दुद्दी

स्त्रीलिंग शब्दों के बहुवचन बनाने के नियम

1) 'अ' कारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के बहुवचन बनाने के लिये 'अ' के स्थान पर 'ओ' कर देते हैं।

बायल – बायलो
कोयलूव – कोयलूवो
खूळ – खूळो

लेकिन शब्द के उपान्तिक स्वर 'ऊ', 'ए' या 'ई' रहे तो बहुवचन में वह ह्रस्व हो जाता है और बाद के व्यंजन का द्वित्व होता है।

धूव – धुव्वो
जीब – जिब्बो
पेट – पेट्टो

